Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 18-12-2006

Participants : Ahir Shri Hansraj Gangaram

an>

Title: Regarding receding water level and drying up of wells in the country.

श्री हंसराज जी. अहीर (चन्द्रपुर) : मान्यवर, केन्द्रीय जल संसाधन मंत्रालय द्वारा भुगर्भ के जल स्तर की निरंतर हो रही कमी का संज्ञान लेकर राज्यों को इस पर नियंत्रण रखने के निर्देश दिये गये। लेकिन राज्य सरकारें इस विाय पर असाधारण रूप से उपेक्षा करने से भुगर्भ के जल स्त्रोत की कमी भविय में चिंता तथा चिंतन का विाय होगा। मेरे निर्वाचन क्षेत्र में स्थित अंबुजा सीमेंट के भारी संयंत्र द्वारा भारी मात्रा में जलदोहन के कारण इसके परिसर में भुगर्भ जल स्तर की बारी कमी हो गयी है। इस संयंत्र द्वारा 200 से 250 मीटर गहरे टयूबवेल लगाकर जलदोहन करने से आस पास के गांवों के कुएं, तालाब, नाले, टयूबवेल सूख गये हैं, या उनके जल-स्तर अधिक गहराई में चले गये हैं। जिला प्रशासन से किसी प्रकार की स्वीकृति लिये बिना अंबुजा सीमेंट संयंत्र द्वारा भारी मात्रा में जलदोहन करने से इससे जुड़े ग्रामीण क्षेत्रों में जलसंकट निर्माण हुआ है। प्रशासन की अनभिज्ञता और ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों पर छाया जलसंकट देखते हुए अंबुजा सीमेंट संयंत्र पर भारी मात्रा में जलदोहन करने की जांच कर भुगर्भ के जलस्तर में कमी लाने के दोाी समझकर उनपर कारवाई करनी चाहिए। आस-पास के गांवों में जलस्तर की जो गिरावट आई है, उससे जिनके कुएं, ट्यूबवैल सूख गये हैं, ऐसे आपदाग्रस्त किसानों, लोगों को अंबुजा सीमेंट की तरफ से मुआवजा भी दिलाया जाना चाहिए। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए सरकार द्वारा इसे प्राथमिकता देकर आवश्यक कार्रवाई करने का मैं आपके माध्यम से अनुरोध करता हूं, तथा राज्य सरकार को भी इस मामले में पूछा जाए।